तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 28 जून 2026

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



12 पुनर्वासित युवाओं से गांव के विकास में सहभागी ....






13 विकास की नई संभावनाएं बदलते बस्तर की बनी ...




## खबर संक्षेप

### कार और बाइक आपस में भिड़ी, बाइक सवार गंभीर





**जगदलपुर।** बोधघाट थाना क्षेत्र स्थित आड़ावाल मुख्य मार्ग में कार व बाईक के बीच हुई टक्कर में बाईक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के मुताबिक घटना आड़ावाल मेन रोड एसबीआई बैंक के करीब हुआ। विपरित दिशा से आ रही टोयोटा ग्लैंजा कार क्रमांक सीजी 04 क्यूसी 0484 टोयोटा ग्लैंजा व होंडा शाइन बाइक क्रमांक सीजी 17 एलए 8066 के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में बाईक चालक व पीछे बैठा सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डॉयल 112 टीम द्वारा दोनों घायलों को वाहन में बैठाकर तत्काल महारानी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार जारी है। हादसे में दोनों के सिर, सीने व हाथ पैर में गंभीर चोट आई थी। वहीं हादसे में कार व बाईक भी क्षतिग्रस्त हो गई। डॉयल 112 टीम द्वारा घटना की जानकारी महारानी अस्पताल चौकी को दी गई जिसके बाद बोधघाट पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की पड़ताल कर रही है।

### विद्युत कंपनी में पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर एकजुटता



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी में वर्ष 2004 के बाद नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से कंपनी के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी संगठनों की एक ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से विद्युत अधिकारी-कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली अधिकार मंच का गठन किया गया। सभी संगठनों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि पुरानी पेंशन बहाली की ⏭ शेष पेज 12 पर

# सरकार का लक्ष्य सहकारिता का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई तक पूरे देश में सहकारिता सप्ताह मनाया जाएगा। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ में भी सहकारिता के माध्यम से किसानों की समृद्धि, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेशभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उक्त बातें शहर के सर्किट हाउस में आयोजित पत्रवार्ता में सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कही। श्री कश्यप ने बताया कि सहकारिता सप्ताह को केवल औपचारिक आयोजन तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि इसे जनभागीदारी आधारित अभियान का स्वरूप दिया जाएगा। राज्य के प्रत्येक जिले, विकासखंड एवं सहकारी समिति स्तर तक कार्यक्रम आयोजित कर किसानों, युवाओं, महिला स्व-सहायता समूहों, दुग्ध उत्पादकों, मत्स्य पालकों, लघु वनोपज संग्राहकों, बुनकरों तथा ग्रामीण उद्यमियों को सहकारिता आंदोलन से जोड़ा जाएगा। सहकार से समृद्धि केवल एक नारा नहीं, बल्कि राज्य सरकार की कार्यसंस्कृति का आधार है। सरकार का लक्ष्य है कि सहकारिता का लाभ समाज के अंतिम ⏭ शेष पेज 12 पर

## देशभर में सहकारिता सप्ताह कल से मनाया जाएगा

### पैक्स की भूमिका पर होगी परिचर्चा

मंत्री श्री कश्यप ने बताया कि प्रदेश की 2573 प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) सहित दुग्ध, मत्स्य, बुनकर एवं अन्य सहकारी समितियों में सहकारी ध्वजारोहण, सदस्यता अभियान, माइक्रो एटीएम एवं किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) तथा रू-पे केसीसी कार्ड वितरण, सहकार दौड़, वृक्षारोपण, मृदा परीक्षण, कृषक संगोष्ठियां, एफपीओ एवं पैक्स की भूमिका पर परिचर्चा सहित अनेक जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



### लोग सकारात्मक प्रभाव को समझ सकें

मंत्री कश्यप ने कहा कि सहकार मेले में केवल योजनाओं और आंकड़ों का प्रदर्शन नहीं होगा, बल्कि सहकारिता से लाभान्वित किसानों, महिला समूहों एवं ग्रामीण उद्यमियों की सफलता की कहानियां, मूल्य संवर्धन, डिजिटल सेवाएं, आधुनिक तकनीक, नवाचार तथा बेहतर विपणन मॉडल भी प्रस्तुत किए जाएंगे, ताकि आम नागरिक सहकारिता की वास्तविक शक्ति और उसके सकारात्मक प्रभाव को समझ सकें।

# मोदी सरकार की अहम प्राथमिकताओं में विकास व शिक्षा शामिल: तोखन साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

## नक्सलवाद के अंधेरे से निकलकर विकास एवं विश्वास की नई राह पर बढ़ रहा बस्तर




बस्तर नक्सलवाद के अंधेरे से निकलकर विकास व विश्वास की नई राह पर बढ़ रहा है। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष नक्सलवाद से विकास और विश्वास की ओर बढ़ता बस्तर के मुख्य विषय पर केंद्रित यह कार्यशाला क्षेत्र में हुए परिवर्तनकारी सामाजिक-आर्थिक बदलावों पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुई। पिछले 12 वर्षों की लक्षित कल्याणकारी नीतियों ने बस्तर को वामपंथी उग्रवाद के साए से सफलतापूर्वक बाहर निकाला है और इसे विकास, बुनियादी ढांचे के विस्तार तथा जन-विश्वास की एक नई प्रगतिशील राह पर अग्रसर किया है। उक्त बातें भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) रायपुर द्वारा शनिवार की दोपहर बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर में वार्तालाप नामक एक विशेष मीडिया संवाद कार्यशाला में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कही।

- आदिवासियों के सामाजिक उत्थान, सुरक्षा व सतत विकास पर केंद्र सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध : सांसद

श्री साहू ने पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं और उपलब्धियों का एक व्यापक लेखा-जोखा साझा किया। उन्होंने रेखांकित किया कि बस्तर जैसे सुदूर क्षेत्रों के सतत परिवर्तन के लिए शिक्षा और विकास दो सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ बने हुए हैं। वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए, 58 करोड़ से अधिक जन धन खाते खोले गए हैं। मुद्रा योजना के तहत जमीनी स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 57 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति श्रेणियों के 15 लाख से अधिक एमएसएमई उद्यमियों को सीधे तौर पर मजबूत ⏭ शेष पेज 12 पर

### प्रगति का एक नया अध्याय लिख रहा बस्तर

कार्यक्रम के अध्यक्षता सांसद महेश कश्यप ने क्षेत्र के बदलते स्वरूप और इसकी आदिवासी आबादी के समग्र उत्थान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बस्तर आज नक्सलवाद के खौफ से मुक्त होकर प्रगति का एक नया अध्याय लिख रहा है। उन्होंने आदिवासी सांस्कृतिक पहचान की रक्षा करने, सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देने और मजबूत सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार की पूर्ण प्रतिबद्धता को दोहराया। वनधन केंद्रों, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के विस्तार और मुख्य बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से, सतत विकास का एक ऐसा मॉडल स्थापित किया जा रहा है जिससे आदिवासी समुदाय सुरक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त महसूस कर सके।

# ट्रक चालक को धमकी देने व खुदकुशी के लिए दुष्प्रेरित करने वाला गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

दंतेवाड़ा पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने और धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन व एसडीओपी बारसूर गोविंद दीवान के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी गीदम अमित बेरिया के नेतृत्व में पुलिस ने यह कार्रवाई की। थाना गीदम में मामला दर्ज किया गया है। जांच ⏭ शेष पेज 12 पर

- सड़क दुर्घटना के बाद लगातार किया जा रहा था प्रताड़ित

### मृतक का परिवार पहुंचा गीदम

गीदम के बंजारी घाट में आत्महत्या करने वाले वाहन चालक ताम्रध्वज साहू का परिवार गीदम थाने पहुंचा। पीड़ित परिवार के साथ ड्राइवर संघ, साहू समाज समेत अन्य लोग भी पहुंचे थे। पीड़ित परिवार से पहुंचे मृतक की मां हीरोंदी बाई व चाचा पवन कुमार, शम्भु राम साहू ने बताया कि पुलिस कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर रही है। व मृतक के इंस्टाग्राम आईडी से दो वीडियो भी डिलीट किए जाने का परिवार ने दावा किया है। परिजनों ने बताया कि आत्महत्या की घटना के बाद से मृतक का मोबाइल पुलिस के पास ही है जिसमें से आत्महत्या से जुड़े 2 वीडियो डिलीट किए गए है।

# रात्रिकालीन चौपाल में कलेक्टर और एसपी ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

जिला प्रशासन की जनसरोकार आधारित पहल के तहत कलेक्टर विश्वदीप, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मीणा ने ग्राम मट्टी मरका में रात्रिकालीन चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से सीधे संवाद किए। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, उनके सुझाव लिए तथा गांव के समग्र विकास, पर्यटन संवर्धन एवं आजीविका के नए अवसरों पर विस्तार से चर्चा की।

चौपाल के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों की जीवनशैली, आजीविका के साधनों तथा उनकी दैनिक समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाओं के साथ बेहतर रोजगार उपलब्ध कराना है, जिससे गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने ग्राम मट्टी मरका की प्राकृतिक सुंदरता एवं सांस्कृतिक विरासत को देखते हुए इसे पर्यटन की दृष्टि से विकसित किए जाने की योजना साझा की। उन्होंने ग्रामीणों को होम स्टे, इको स्टे एवं इको टूरिज्म जैसी गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इससे स्थानीय युवाओं एवं परिवारों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, आय में वृद्धि होगी तथा ⏭ शेष पेज 12 पर



### सिंचाई, चेकडेम और पेयजल की मांग

चौपाल में ग्रामीणों ने सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, चेकडैम निर्माण, हैंडपंप स्थापना, तालाबों के गहरीकरण तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास की मांग रखी। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक सर्वेक्षण कर शीघ्र प्राक्कलन (एस्टीमेट) तैयार करने तथा आवश्यक स्वीकृति प्राप्त कर विकास कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

# पादरी प्रवेश निषेध ग्राम दरभागुड़ा पहुंचे मंत्री केदार और ग्रामीणों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



कभी घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में पहचाने जाने वाले दरभागुड़ा गांव में शनिवार शाम उस समय अलग माहौल देखने को मिला, जब प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप अचानक गांव पहुंच गए। अंधेरा होने के बावजूद सड़क किनारे बड़ी संख्या में ग्रामीणों को देखकर मंत्री ने अपना काफिला रुकवाया और लोगों से सीधे संवाद किया। हाल ⏭ शेष पेज 12 पर

### विकास कार्यों की दी स्वीकृति

मंत्री ने ग्रामीणों का हौसला बढ़ाते हुए गांव के विकास के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान समाजसेवी पी. विजय भी मौजूद रहे। उन्होंने भी ग्रामीणों से चर्चा कर सामाजिक समरसता और गांव के विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। ग्रामीणों ने मंत्री के समक्ष सड़क, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की मांग रखी। मांगों पर त्वरित निर्णय लेते हुए मंत्री केदार कश्यप ने दो पुलियों तथा एक बोरवेल की स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की। मंत्री की इस घोषणा पर ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त करते हुए उनका आभार जताया।

### सकारात्मक बदलाव का संकेत

दरभागुड़ा कभी नक्सल गतिविधियों के कारण प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की पहुंच से दूर माना जाता था। ऐसे गांव में मंत्री का पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद करना और विकास कार्यों की स्वीकृति देना क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव का संकेत माना जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अब वे विकास और सामाजिक एकता के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं।






## आज बूथों पर बच्चों को दी जाएगी पोलियो की खुराक

# कलेक्टर ने लक्षित आयु वर्ग के हर बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाने का किया आह्वान

एक लाख से अधिक बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत पोलियो बूथों में दो बूंद जिंदगी की खुराक पिलाई जाएगी। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन एवं अन्तर्विभागीय समन्वय के लिए पहले ही कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हो चुकी है। जिसमें शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए मैदानी अमले को पूरी तरह सक्रिय रहकर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने कहा कि जिले में इस बार 0 से 5 वर्ष की आयु के 1,20,804 बच्चों को जीवन रक्षक पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। सुरक्षा के इस महाअभियान के तहत प्रथम दिन सभी निर्धारित बूथों पर दवा पिलाई जाएगी, जिसके बाद आगामी 29 और 30 जून को स्वास्थ्य कर्मियों की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को कवर करेंगी। बस्तर जिले का पोलियो उन्मूलन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि रहा है, जहां 1996 से अब तक पोलियों का एक भी मामला सामने नहीं आया है। इसके साथ ही राज्य में 2002 से और भारतवर्ष में 2011 से पोलियो का कोई भी पॉजिटिव प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है और इस गौरवशाली निरंतरता को बनाए रखना ही इस अभियान का मुख्य ध्येय है। प्रशासन ने शहरी और ग्रामीण इलाकों सहित अंदरूनी क्षेत्रों के लिए विशेष रणनीति तैयार की है, जिसके तहत शहरी क्षेत्र में अकेले 72 बूथ स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त बाजार, मेले, मड़ई, उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों ईंट भट्ठा, भवन निर्माण स्थलों, घुमंतू बस्तियों, बस स्टैंड तथा रेलवे स्टेशनों पर आने-जाने वाले बच्चों के लिए 20 मोबाइल और 24 ट्रांजिस्ट टीमों के साथ 1,932 टीकाकरण कर्मी और 97 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की सुरक्षा चक्र से वंचित न रहे।

### देश में पोलियों का कोई मामला नहीं

कलेक्टर आकाश छिकारा ने अपील करते हुए कहा है कि देश में भले ही पोलियों का कोई मामला नहीं है। किंतु पड़ोसी देश पाकिस्तान और अफगानिस्तान में अभी भी पोलियो के पॉजिटिव केस पाए जा रहे हैं। जिससे संक्रमण फैलने का खतरा हमेशा बना रहता है। अतः पर्यावरण में मौजूद वाइल्ड पोलियो वायरस को पूरी तरह निष्क्रिय करने और हर्ड इम्युनिटी को मजबूत करने के लिए बच्चों को प्रथम दिन ही लक्षित आयु वर्ग के हर बच्चे को पोलियो बूथ पर लाकर दवा पिलाना सबसे प्रभावशाली माध्यम है। इसमें सभी की सक्रिय सहभागिता जरूरी है।

# प्राकृतिक सुंदरता को निहारते हुए सैलानियों ने 12 किमी तक ट्रेकिंग की

## बस्तर के ऐतिहासिक निर्माणाधीन बायपास मार्ग पर जल जंगल यात्रा 2:0

हरिभूमि न्यूज ▸▸| केशकाल

क्षेत्रीय विधायक नीलकंठ टेकाम के नेतृत्व में जन-जागरूकता के उद्देश्य से जन-जंगल यात्रा–2.0 का आयोजन शनिवार को किया गया जिसमे आम जनता, शासकीय कर्मचारी, एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जल जंगल यात्रा की शुरुआत केशकाल के गढ़सिलयारा से आरम्भ हुई जो प्रस्तावित बायपास सड़क के निर्माण से होकर घाट के नीचे तक़ गई 12 किलोमीटर के इस ट्रेकिंग मे सभी मे गजब का उत्साह देखा गया। केशकाल नगर के सैकड़ों सैलानियों ने भाग लेकर प्रकृति का आनंद उठाया. लगभग 12 किलोमीटर की इस यात्रा में वन वैद्यराजो के द्वारा वनस्पतियों के बारे में जानकारी दी..। ट्रैकिंग के दौरान खास बात यह रही कि 60 साल की उम्र में भी बुजुर्गों के द्वारा 12 का ट्रैकिंग किया गया, झाड़ जंगल एवं पत्थर, असमतल रास्ते होने के बाद भी शासकीय कन्या शाला के प्राचार्य राकेश विश्वकर्मा, नव पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवेश चंदेल, खंड शिक्षा अधिकारी पोया जी जिनकी उम्र 60 हो चुकी है फिर भी इस कठिन रास्ते में हंसते हुए सफर को तय करते हुए लोगों का भी उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम की मुख्य अगुवाई करने वाले क्षेत्रीय विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि जल जंगल यात्रा 2.0 कि शुरुआत पर्यावरण संरक्षण एवं बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ावा देने हेतु किया गया इस आयोजन से लोगों ने बाईपास सडक का निरिक्षण किया जिससे लोगो मे खासा उत्साह देखा गया। यात्रा में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कोंडागांव द्वारा बस्तर फाइटर भर्ती की तैयारी कर रहे 70 युवक एवं युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परिषद द्वारा इन युवाओं को निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण एवं कोचिंग प्रदान की जा रही है। युवाओं का अनुशासन, उत्साह और देशसेवा का जज्बा यात्रा का मुख्य आकर्षण रहा।

### सैलानियों को जंगल के बारे में मिली ज्ञानवर्धक जानकारियां

इस यात्रा में आए स्थानीय नगरवासीयों ने बताया कि केशकाल में तीसरी बार इस तरह की ट्रेकिंग का आयोजन हुआ है. जल जंगल यात्रा से बाईपास सड़क के निर्माण का एवं बाईपास सड़क कि जानकारी प्राप्त हुई एवं जंगलों में मिलने वाली औषधि, वनस्पति,आदि के बारे में उन्हें बहुत कुछ जानने को मिला।



### गीत संगीत से किया सफर

12 किलोमीटर के इस सफर मे लोगो को किसी प्रकार कि बोरियत का एहसास ना हो इसलिए भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष ईश्वर नारायण बैस ने अपने मधुर स्वर से लोगो को झूमने के लिए मजबूर कर दिया जो यात्रा के आकर्षण का एक अंग था..।

## खबर संक्षेप



### मादागांव में सीसी रोड का निर्माण कार्य शुरू

फरसगांव। विकासखंड फरसगांव की ग्राम पंचायत मादागांव में शनिवार को 360 मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सरपंच संतोष राणा, देवेंद्र सेटिया, कमलेश नाग, रोहित राणा, अदीप प्रधान, युवराज प्रधान सहित पंचायत के पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम की पहल पर गांव को सीसी सड़क की सौगात मिली है। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि सड़क बनने से आवागमन सुगम होगा और गांव के विकास को नई गति मिलेगी।

### आज जिलेभर में चलेगा पल्स पोलियो अभियान

कोण्डागांव। जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से 28 जून को सभी विकासखंडों में पल्स पोलियो अभियान आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के 76,188 बच्चों को पोलियोरोधी दवा की दो बूंदें पिलाई जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। अभियान के सफल संचालन के लिए जिलेभर में 781 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। इन बूथों पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों, मितानिनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पोस्टर, बैनर, नारा लेखन तथा ग्राम कोटवारों द्वारा मुनादी के माध्यम से लोगों को अभियान की जानकारी दी जा रही है, ताकि कोई भी बच्चा पोलियोरोधी खुराक से वंचित न रहे। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे 28 जून को अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर अवश्य ले जाएं और पोलियोरोधी दवा की दो बूंदें पिलाकर उन्हें पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखें।

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और वन मंत्री केदार कश्यप ने पुनर्वासित युवाओं की सुनी समस्याएं

# पुनर्वासित युवाओं से गांव के विकास में सहभागी बनने का किया आवाहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणपुर

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने नारायणपुर प्रवास के दौरान शनिवार देर शाम पुनर्वास केंद्र पहुंचकर हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा से जुड़े पुनर्वासित युवाओं से आत्मीय संवाद किया। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्री केदार कश्यप भी उपस्थित रहे। दोनों मंत्रियों ने युवाओं से पुनर्वास केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, प्रशिक्षण और रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्हें विकास की मुख्यधारा में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने युवाओं से आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाते सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों एवं शासकीय सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य प्रत्येक पुनर्वासित युवक-युवती को सम्मानजनक जीवन और आत्मनिर्भर बनने के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने पुनर्वासित युवाओं से अपील की कि वे जेल में बंद अपने पूर्व साथियों से मुलाकात कर उन्हें भी पुनर्वास योजना का लाभ लेने और समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि विकास और शांति का मार्ग ही बस्तर के उज्ज्वल भविष्य का आधार है। उप मुख्यमंत्री ने पुनर्वास केंद्र में संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों की भी जानकारी ली। विशेष रूप से महिलाओं द्वारा मोटर वाहन ड्राइविंग का प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में दिखाई जा रही उत्साहपूर्ण भागीदारी की उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि यह सकारात्मक परिवर्तन का प्रेरक उदाहरण है। युवाओं से चर्चा के दौरान जब खेतों में सिंचाई के लिए बोर व्यवस्था की आवश्यकता बताई गई, तब उप मुख्यमंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहीदों के परिवारों एवं पुनर्वासित युवाओं का सर्वे कराकर उनके खेतों में सिंचाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि वे कृषि के माध्यम से स्थायी आजीविका अर्जित कर सकें। विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में पेसा अधिनियम को और अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज बस्तर के जनप्रतिनिधि आदिवासी समाज से हैं और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने युवाओं से सोशल मीडिया पर फैलाई जाने वाली भ्रामक और भटकाने वाली सूचनाओं से सावधान रहने का आग्रह करते हुए कहा कि बस्तर का विकास बस्तर के लोगों के सहयोग से ही संभव है। उन्होंने पुनर्वासित युवाओं का आह्वान किया कि वे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सहभागी बनें।




### निर्माण और विकास में आदिवासी समाज का योगदान महत्वपूर्ण

वन एवं पर्यावरण मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर बस्तर के निर्माण और विकास तक आदिवासी समाज का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि अब समय बस्तर को शांति, विकास और समृद्धि की नई दिशा देने का है। हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लेने वाले युवाओं ने इस परिवर्तन की शुरुआत कर दी है और अब सभी को मिलकर क्षेत्र तथा समाज के समग्र विकास के लिए कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी., कलेक्टर कांकेर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुरिया सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# मर्दापाल में किसान व व्यापारियों से उप मुख्यमंत्री ने की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

बस्तर प्रवास के दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को मर्दापाल के साप्ताहिक बाजार में अचानक पहुंचकर ग्रामीणों को सुखद आश्चर्य दिया। उन्होंने बाजार में मौजूद लोगों से आत्मीय संवाद कर उनका हालचाल जाना।

नारायणपुर से कोण्डागांव लौटते समय सड़क किनारे लग रहे साप्ताहिक बाजार को देखकर उप मुख्यमंत्री ने अपना काफिला रुकवाया। उन्होंने किसानों, महिलाओं, व्यापारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से बाजार की व्यवस्थाओं एवं क्षेत्र की आवश्यकताओं पर चर्चा की।

### बाजार की रौनक लौटने पर जताई खुशी

ग्रामीणों ने उप मुख्यमंत्री को बताया कि नक्सल भय समाप्त होने के बाद मर्दापाल के साप्ताहिक बाजार में फिर से चहल–पहल बढ़ी है। आसपास के गांवों के लोग अब बिना किसी डर के बड़ी संख्या में बाजार पहुंच रहे हैं।

### आत्मीय व्यवहार से जीता लोगों का दिल

उप मुख्यमंत्री के सहज एवं आत्मीय व्यवहार से बाजार में उत्साह का माहौल रहा। लोगों ने उनसे खुलकर बातचीत की और क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।

# न्यायाधीश ने उप जेल का निरीक्षण किया व बंदियों की समस्याएं सुनीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष खिलावन राम रिगरी ने उप जेल नारायणपुर का औचक निरीक्षण कर बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं जेल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्री रिगरी ने बंदियों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनकी समस्याएं एवं आवश्यकताएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का त्वरित और विधिसम्मत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भोजन, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था, आवासीय व्यवस्था, स्वास्थ्य परीक्षण, मुलाकात रजिस्टर एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों का भी अवलोकन किया गया।



### निःशुल्क विधिक सहायता की दी जानकारी

प्रधान न्यायाधीश ने बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी देते हुए कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर अथवा अधिवक्ता उपलब्ध न होने की स्थिति में पात्र बंदी इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

### बंदियों के अधिकारों के संरक्षण पर दिया जोर

उन्होंने जेल प्रशासन को सभी बंदियों के संवैधानिक एवं मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, स्वच्छ एवं अनुशासित वातावरण बनाए रखने, स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाने तथा पुनर्वास एवं सुधारात्मक गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि न्यायिक निरीक्षण का उद्देश्य बंदियों के अधिकारों की रक्षा करना तथा जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाना है।

# इसलनार में अभियान चलाकर पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव



समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत एचडीएफसी बैंक परिवर्तन एवं अंबुजा फाउंडेशन के सहयोग से ग्राम इसलनार के बड़े तालाब परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आम, आंवला एवं कटहल सहित विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम सरपंच श्रीमती रीना सोरी एवं शासकीय उद्यानिकी विभाग के प्रमुख श्री लोकेश्वर प्रसाद ध्रुव ने पौधारोपण कर किया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। उद्यानिकी विभाग के प्रमुख लोकेश्वर प्रसाद ध्रुव ने ग्रामवासियों से पौधों के रोपण के साथ–साथ उनके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने और पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की अपील की। वहीं सरपंच श्रीमती रीना सोरी ने प्रत्येक परिवार से अपने घर एवं आसपास अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर परियोजना प्रबंधक योगेश मंगदुम, प्रोजेक्ट ऑफिसर सुश्री नेहा कुशवाहा, भूपेंद्र राजपूत सहित संस्था के प्रतिनिधि एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शाहूजी महाराज को जयंती पर किया याद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

बाबा साहेब सेवा संस्था द्वारा आरक्षण के जनक एवं महान समाज सुधारक राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज की 152वीं जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया तथा उनके योगदान को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1902 में छत्रपति शाहूजी महाराज ने कोल्हापुर रियासत में पिछड़े एवं वंचित वर्गोंर के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू कर सामाजिक न्याय की ऐतिहासिक नींव रखी। उन्होंने शिक्षा और समान अवसरों को समाज परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बताया। कार्यक्रम में बताया गया कि शाहूजी महाराज ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की शिक्षा एवं सामाजिक आंदोलनों को आर्थिक और नैतिक सहयोग प्रदान किया। साथ ही बाल विवाह, देवदासी प्रथा जैसी कुरीतियों के विरोध और अंतर्जातीय विवाह को बढ़ावा देकर समाज सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए।संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को महान समाज सुधारकों के विचारों और संघषेंर् से परिचित कराने तथा समाज में समानता, शिक्षा और भाईचारे की भावना मजबूत करने का माध्यम हैं। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक प्रमोद कुमार भारती, उपाध्यक्ष हितेंद्र कुमार श्रीवास, ओमप्रकाश नाग, देवानंद चौरे, मुकेश माकंर्डेय, तथ्यशील चौरे सहित संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सभी ने राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज के बताए मार्ग पर चलने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।



## 5वीं से स्नातकोत्तर कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र

# वट्टी कुंदा समिति ने 19 मेधावी छात्रों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

ग्राम चिचाडी के जय बुढ़ालपेन वट्टी कुंदा समिति ने शिक्षा, सामाजिक सहयोग और सांस्कृतिक संरक्षण की अनूठी मिसाल पेश करते हुए 19 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया। शुक्रवार 26 जून को आयोजित "समाज का गौरव सम्मान समारोह" में 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और गोंडी भाषा अध्ययन पुस्तक भेंट की गई।

समिति की स्थापना वर्ष 2015 में इस संकल्प के साथ हुई थी कि वट्टी कुंदा का हर बच्चा शिक्षित होकर समाज और परिवार का नाम रोशन करे। इसी उद्देश्य से सदस्यों ने स्वैच्छिक बचत योजना शुरू की, जिसके तहत बच्चों, युवाओं, व्यवसायियों और कर्मचारियों से नियमित सहयोग राशि एकत्र की गई। आज समिति के पास 1.26 लाख रुपये से अधिक की संचित पूंजी है, जिसके ब्याज से शिक्षा और समाजहित के कार्य संचालित किए जा रहे हैं।



वर्ष 2025 में 12 विद्यार्थियों के सम्मान से शुरू हुई यह पहल इस वर्ष और आगे बढ़ी तथा सम्मानित विद्यार्थियों की संख्या 19 पहुंच गई, जिनमें 15 बालिकाएं शामिल हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत चिचाड़ी के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जीवन लाल सलाम, विशिष्ट अतिथि डॉ. चैनू नयताम तथा अध्यक्षता पूर्व सरपंच तिरूमाल समरथ वट्टी ने की। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने, शिक्षा के साथ अपनी भाषा, संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखने का संदेश दिया। समारोह में बच्चों और समिति सदस्यों ने "थोड़ा कम खाएं, लेकिन बच्चों को अवश्य पढ़ाएं" तथा "नशापान से दूर रहकर शिक्षा को जीवन का आधार बनाएं" का संकल्प दोहराया। वट्टी कुंदा का यह प्रयास आज पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का विषय बन गया है।

## पेज 11 के शेष

### सरकार का लक्ष्य ...

व्यक्ति तक पहुंचे तथा छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी सहकारी राज्यों में अपनी पहचान स्थापित करे। उन्होंने बताया कि 3 एवं 4 जुलाई को रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित कृषि मंडपम ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय सहकारी चिंतन शिविर, सहकार मेला, अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस समारोह एवं सहकारी संगोष्ठी आयोजित होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारिता मंत्री केदार कश्यप करेंगे। कार्यक्रम में पैक्स, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, दुग्ध, मत्स्य, लघु वनोपज, बुनकर एवं अन्य सहकारी संस्थाओं के साथ नाबार्ड, एनसीडीसी, एनसीसीएफ, नैफेड, सीएससी, इफको, कृभको, राज्य सहकारी संघ सहित अनेक राष्ट्रीय संस्थाएं भाग लेंगी। पत्रकार वार्ता के दौरान मंत्री ने सहकारिता विभाग द्वारा किसानों, ग्रामीणों एवं सहकारी समितियों को सशक्त बनाने के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं, डिजिटल पहलों और भविष्य की कार्ययोजना की भी विस्तृत जानकारी साझा की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित के अध्यक्ष रूपसाय सलाम, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप, उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### विद्युत कंपनी में ....

एक सूत्रीय मांग को लेकर अंतिम निर्णय तक संयुक्त एवं चरणबद्ध संघर्ष किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि अधिकार मंच के संचालन एवं आगामी आंदोलन की रूपरेखा तय करने के लिए सभी 12 संगठनों से दो-दो प्रतिनिधियों की समिति गठित की जाएगी, जिसमें एक प्रतिनिधि का ठढर धारक कर्मचारी होना अनिवार्य रहेगा। समिति की अगली बैठक आगामी सप्ताह आयोजित होगी, जिसमें आंदोलन की विस्तृत रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में अभियंता संघ की ओर से मनोज वर्मा एवं शशांक श्रीवास्तव, पत्रोपाधी संघ से श्रीकांत बड़गैया एवं मनोज पटेल, फेडरेशन-एक से आरसी चेट्टी एवं सुरेंद्र शुक्ला, जनता यूनियन से अनिल द्विवेदी एवं अजय बाबर, बिजली कर्मचारी महासंघ से संजय तिवारी एवं नवरतन बरेठ, विद्युत कर्मचारी संघ से एनपी मिश्रा एवं राम इकबाल, आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ से आरएल ध्रुव एवं हर्षवर्धन पाटले, तकनीकी कर्मचारी एकता यूनियन से जितेंद्र मालाकार एवं श्रीकांत सिंह ठाकुर, तकनीकी कर्मचारी संघ से जीतराम खूंटे एवं नरेश भास्कर, डॉक्टर्स एसोसिएशन से डॉ. निलेश सिंह, कर्मचारी ऑफिसर्स एसोसिएशन से गोपाल गोहिल तथा कार्यालयीन कर्मचारी संघ बस्तर से धर्मेंद्र देवांगन एवं योगेंद्र कश्यप सहित सभी संगठनों के 72 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### मोदी सरकार की ....

करना शामिल है। इसके अलावा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत, मुफ्त राशन वितरण के माध्यम से 81 करोड़ से अधिक नागरिकों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है, जिसने 25 करोड़ से अधिक लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गरीबों के लिए पक्के मकान के सपने को पूरा करने के लिए 4 करोड़ से अधिक ग्रामीण और शहरी आवासों का निर्माण किया गया है। कार्यशाला के दौरान पूर्व विधायक संतोष बाफना, महापौर संजय पांडेय, कलेक्टर आकाश छिकारा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा और जिला पंचायत के सीईओ प्रतीक जैन ने सहभागिता की। कार्यक्रम में अंदरूनी इलाकों में सड़कों के विस्तार, नए स्कूलों की स्थापना और सुरक्षा शिविरों जैसे विषयों पर चर्चा हुई। पीआईबी रायपुर के अधिकारियों ने वातालर्प के मूल उद्देश्य को सारांशित करते हुए मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताया, जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने में एक अनिवार्य भूमिका निभाता है।

### ट्रक चालक को धमकी ....

में सामने आया कि 11 जून को बंजारी घाटी के पास ट्रक और मर्सिडीज कार के बीच सड़क दुर्घटना हुई थी। दुर्घटना के बाद कार चालक ने ट्रक चालक ताम्रध्वज साहू उर्फ सोनू के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। आरोपी ने वाहन क्षति के नाम पर पैसे की मांग की और पैसे नहीं देने पर जान से मारने व परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। इस घटना से मानसिक रूप से आहत और भयभीत होकर ताम्रध्वज साहू ने अगले दिन फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले मृतक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर घटना और प्रताड़ना से जुड़े कई वीडियो भी अपलोड किए थे। विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, गवाहों के बयान दर्ज किए और सोशल मीडिया वीडियो, मोबाइल स्क्रीनशॉट व अन्य डिजिटल साक्ष्य जुटाए। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर मर्सिडीज कार चालक सागर हेमला 42 वर्ष निवासी गंगालूर बेस कैम्प थाना गंगालूर जिला बीजापुर को 26 जून को गिरफ्तार किया गया। वैधानिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। मामले की विवेचना जारी है।

ये है मामला : दंतेवाड़ा जिले के गीदम थाना क्षेत्र के बंजारी घाट में 12 जून को एक ट्रक व मर्सिडीज कार में भिड़ंत हो गई थी । इस दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ताम्रध्वज साहू का शव घटना स्थल के पास फांसी के फंदे में मिला पाया गया था जिसे मर्ग कायम किया गया। मृतक के परिवारजनों ने कहा कि मृतक ट्रक चालक ने अपने इंस्टाग्राम आईडी में 8 वीडियो अपलोड किए थे जिसमें उसने आत्महत्या का कारण बताया था। वीडियो में मृतक ने बताया कि ट्रक व मर्सिडीज की भिड़ंत के बाद मर्सिडीज सवारों ने उनसे मारपीट की और मानसिक प्रताड़ित भी किया पैसे की भरपाई नहीं करने पर ट्रक चालक के साथ-साथ उसके परिवार के लिए भी धमकी दी । इधर ट्रक चालक के साथ ट्रक में सवार रहे उसके साथी हेमसिंह ने मीडिया को जानकारी देते बताया कि ट्रक व मर्सिडीज की हुई भिड़ंत के समय वह ताम्रध्वज के साथ ट्रक में थे। दुर्घटना के दौरान जब वह दोनों ट्रक से नीचे उतरे तभी मर्सिडीज से दो लोग उतरे उन्होंने खूब गालियां दी और धमकी देते हुए ताम्रध्वज के साथ मारपीट किया फोन लगाकर वे और लोगों को बुला रहे थे इस दौरान ताम्रध्वज ने हेमसिंह को वापस जाने के लिए कहा था जिसके बाद हेमसिंह दुर्घटना स्थल से वापस चला गया।

ड्रायवर संघ ने दिया साथः संघ के प्रदेश संयोजक जितेंद्र शुक्ला ने घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि इस मामले में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। पीड़ित परिवार के साथ आज हम गीदम थाना आए है पुलिस का सहयोग उन्हें ठीक से नहीं मिल रहा है। जिस दिन यह दुर्घटना हुई दुर्घटना के बाद ताम्रध्वज को मर्सिडीज वालो ने मारने की धमकियां दी, करोड़ों रुपए वसूलने की धमकी दी इसी डर से ताम्रध्वज ने आत्महत्या कर ली। छग ड्राइवर महासंगठन दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष मनीष पांडे समेत ड्राइवर संघ के सदस्य भी मौजूद रहे।

कमाने वाला बेटा चला गया हैः मृतक की मां ने बताया कि 9 साल पहले पति चल बसे, तीन बेटे थे जिसमें घर चलाने वाला बड़ा बेटा भी चला गया अब सिर्फ दो ही बेटे है जो स्कूल की पढ़ाई करते है । मुझे सरकार से निष्पक्ष जांच कर बड़े बेटे के लिए न्याय चाहिए।

### रात्रिकालीन चौपाल में....

ग्रामीण आत्मनिर्भर बन सकेंगे। साथ ही स्थानीय संस्कृति, परंपराओं एवं प्राकृतिक धरोहर का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए पर्यटन विकास में हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छता और पोषण पर जोर : दौरे के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों के घरों का निरीक्षण कर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को शीघ्र आवास निर्माण पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वच्छता का संदेश देते हुए प्रत्येक परिवार को शौचालय निर्माण एवं उसके नियमित उपयोग के लिए भी जागरूक किया। महिलाओं से संवाद करते हुए कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे पोषण आहार, दलिया एवं अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों का नियमित सेवन करने की सलाह दी। साथ ही गर्भवती एवं धात्री माताओं को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा मितानिन एवं स्वास्थ्य विभाग के संपर्क में बने रहने की अपील की।

किसानों को दी वैज्ञानिक खेती अपनाने की सलाहः कलेक्टर ने किसानों से कृषि गतिविधियों पर चर्चा करते हुए आगामी वर्षा को ध्यान में रखकर समय पर खेती प्रारंभ करने की सलाह दी। उन्होंने किसानों को मक्का, अरहर, उड़द सहित अन्य फसलों का फसल चक्र अपनाने तथा शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

### पादरी प्रवेश निषेध...

ही में ग्रामसभा द्वारा पादरियों एवं धर्मांतरण गतिविधियों के विरोध में प्रवेश निषेध संबंधी प्रस्ताव पारित किए जाने पर मंत्री ने ग्रामीणों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ग्रामसभा के संवैधानिक अधिकारों के तहत लिए गए निर्णयों का सम्मान होना चाहिए और सामाजिक एकजुटता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

## खबर संक्षेप

### आवास प्लस बैठक में 107 परिवारों की सूची पर चर्चा



**घाटलोहंगा।** ग्राम घाटलोहंगा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। पंचायत क्षेत्र के 107 पात्र परिवारों की सूची प्रस्तुत की गई तथा योजना से संबंधित जानकारी ग्रामीणों को दी गई। ग्रामीणों ने पात्रता, नामों के सत्यापन तथा योजना के लाभ को लेकर अपने सुझाव और जिज्ञासाएं रखीं। पंचायत प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों ने ग्रामीणों की शंकाओं का समाधान करते हुए बताया कि सूची शासन के निर्धारित मापदंडों के अनुसार तैयार की गई है तथा पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। इस दौरान सरपंच दिया भद्रे,सचिव पदमनाथ कश्यप, तुलसी राम ठाकुर, हल्का पटवारी भरत लाल पटेल, कोटवार नाग, कमल भद्रे, सहायक सचिव नवीना, निमेद तिवारी, पंच फूलसिंग बघेल, हलधर कश्यप, पूर्व सरपंच एवं पंच चम्पा बघेल,पंच गण एवं ग्रामीण उपस्थिति थे।

## निधन

### नारायण चंद्र सरकार

**जगदलपुर।** पूर्व भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अंजू रॉय के



छोटे भाई नारायण चंद्र सरकार का आकस्मिक निधन 25 जून को हो गया है। वे छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष, एजी आफिस के सेक्शन अधिकारी व भाजपा के सक्रिय सदस्य व समाजसेवी थे। आज अंजू शिक्षण एवं सिलाई प्रशिक्षण संस्था में स्व. नारायण चंद्र सरकार को श्रद्धांजलि अर्पित कर मौन धारण किया गया। इस मौके पर अंजू रॉय, अनीता श्रीवास्तव, करुणा सरकार, मीना साहू आदि मौजूद थे।

# शिक्षक राष्ट्र निर्माण के वास्तविक शिल्पकार: सांसद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दरभा



तोकापाल विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सिरिसगुड़ा में विकास खण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों,

■ शाला प्रवेश उत्सव में शिक्षा, संस्कार और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, पालकों तथा ग्रामीणों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप एवं विशिष्ट अतिथि विधायक विनायक गोयल रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जो समाज और राष्ट्र के विकास की मजबूत नींव तैयार करती है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा उनकी पढ़ाई के प्रति विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना और उन्हें आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराना है। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत कक्षा नवमी में अध्ययनरत 30 बालिकाओं को सायकलों का वितरण किया गया। सायकल प्राप्त करने वाली छात्राओं के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। इस अवसर पर सांसद एवं विधायक ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना, उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करना तथा विद्यालय छोड़ने की प्रवृत्ति को कम करना है। उन्होंने छात्राओं से पूरी लगन और मेहनत के साथ अध्ययन कर अपने परिवार, गांव और जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों को गणवेश का वितरण भी किया गया। नए गणवेश को प्राप्त कर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। अतिथियों ने बच्चों का तिलक लगाकर एवं पुष्प देकर स्वागत किया तथा उन्हें नियमित अध्ययन, अनुशासन और अच्छे संस्कारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण मंच है, जहां बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव रखी जाती है। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कार्यक्रम में वृक्षारोपण भी किया गया। सांसद एवं विधायक सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और विद्यार्थियों ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर कहा गया कि स्वच्छ एवं हरित वातावरण आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर है। प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए, ताकि पर्यावरण संतुलन बनाए रखा जा सके। शाला प्रवेश उत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का भी आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया।

इस आयोजन ने विद्यालय परिसर में आत्मीयता, समानता और अपनत्व का वातावरण निर्मित किया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया। समापन अवसर पर सांसद एवं विधायक ने शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण के वास्तविक शिल्पकार हैं। उनके मार्गदर्शन और समर्पण से ही बच्चे अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों से जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित कर ईमानदारी, अनुशासन और परिश्रम के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जिला पंचायत सदस्य पदमनी कश्यप, कामदेव बघेल, जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, मण्डल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष शिव सुयवशी, मुन्ना कश्यप उर्मिला गोयल जीवनाथ मौर्य, बाबुल नाग, सतीश अग्रवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता, बच्चे, शिक्षक उपस्थित रहे।

# विकास की नई संभावनाएं बदलते बस्तर की बनी पहचान : लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा





जो क्षेत्र कभी असुरक्षा और हिंसा के कारण चर्चा में रहते थे, वहीं आज महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन, शिक्षा, पोषण और सामाजिक विकास के केंद्र बन रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं और नई संभावनाओं का सृजन कर रही हैं। उक्त बातें महिला व बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कही।

कभी नक्सल गतिविधियों से प्रभावित रहे सुदूर अंचलों में अब शिक्षा, स्वास्थ्य,

■ सड़क मार्ग से जगरगुंडा पहुंचने वाली पहली महिला मंत्री

महिला सशक्तिकरण और आजीविका के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। इसी परिवर्तनशील बस्तर की तस्वीर को और सशक्त करने महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े एक दिवसीय प्रवास पर सुकमा जिले के जगरगुंडा, चिंतलनार, पूवर्ती और सिलगेर पहुंचीं। विशेष महत्व की बात यह रही कि श्रीमती राजवाड़े सड़क मार्ग से जगरगुंडा पहुंचने वाली पहली महिला मंत्री बनीं। वर्षों तक नक्सली हिंसा से प्रभावित रहे इस क्षेत्र में उनका आगमन विकास और शासन की संवेदनशील उपस्थिति का प्रतीक बनकर उभरा। दौरे के दौरान मंत्री ने पूवर्ती एवं सिलगेर स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया तथा अन्नप्राशन और गोदभराई कार्यक्रमों में शामिल होकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने बच्चों के साथ आत्मीय समय बिताया, ग्रामीण महिलाओं से संवाद किया और विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि जो क्षेत्र कभी असुरक्षा और हिंसा के कारण चर्चा में रहते थे, वहीं आज महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन, शिक्षा, पोषण और सामाजिक विकास के केंद्र बन रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं और नई संभावनाओं का सृजन कर रही हैं। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार बस्तर के अंतिम छोर तक विकास की रोशनी पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, रोजगार और महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। प्रवास के दौरान मंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत जगरगुंडा स्थित कृतिका महिला संकुल स्तरीय संगठन (सीएलएफ) भवन का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर उनकी आजीविका, स्वरोजगार और आर्थिक गतिविधियों से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सेवा एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### शासन के प्रति बढ़ा विश्वास

ग्रामीण महिलाओं ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि पहली बार कोई महिला मंत्री सड़क मार्ग से सीधे जगरगुंडा पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनने और संवाद करने आई हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल शासन के प्रति उनके विश्वास को और मजबूत करने वाली है तथा यह अनुभव कराती है कि विकास की मुख्यधारा अब वास्तव में उनके गांव तक पहुंच चुकी है।

### शांति का नया वातावरण निर्मित

उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के साहस, स्थानीय जनसमर्थन और सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों के समन्वित प्रयासों से सुकमा में शांति, स्थायित्व और समृद्धि का नया वातावरण निर्मित हुआ है। जगरगुंडा, पूवर्ती और सिलगेर जैसे क्षेत्रों में आज बच्चों की मुस्कान, महिलाओं का बढ़ता आत्मविश्वास और विकास की नई संभावनाएं बदलते बस्तर की सशक्त पहचान बन चुकी हैं।

### शहादत को किया नमन

सुकमा महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सुकमा जिले के जगरगुंडा स्थित शहीद एएसआई रामू राम नाग के निवास पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्र की रक्षा एवं जनसेवा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने शहीद की माताजी से आत्मीय मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान प्रदेश और देश की अमूल्य धरोहर है तथा उनके परिवारों का सम्मान और संरक्षण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

## 6 ग्राम पंचायतों में 53.56 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



**बस्तर।** बस्तर विकासखंड के ग्राम पंचायत तुरपुरा, खंडसरा, कोटगढ़, सालेमेटा, छुरावंड एवं खड़का में आज विभिन्न जनहितैषी विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। इन कार्यों की कुल लागत 53 लाख 56 हजार रुपये है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप रही। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सदस्य गौरव कश्यप, प्रवीण सांखला, तुलसू कश्यप, ओमप्रकाश कश्यप, घनश्याम पानीग्राही, संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंचगण, भाजपा कार्यकर्ता एवं जनपद पंचायत के सीईओ भानुप्रताप सिंह चुरेंद्र सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा और ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन का आभार जताया।

# उदनपुर के पास मोटरसायकिल पेड़ से टकराई, युवक की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



उदनपुर ग्राम के पास शुक्रवार शाम एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। मृतक की पहचान ग्राम जामड़ी निवासी फागूराम उसेंडी पिता लच्छन राम उसेंडी के रूप में हुई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार परतापुर थाना में शिकायत में बताया गया कि मृतक फागूराम उसेंडी 26 जून शुक्रवार को शाम लगभग 5 बजे अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीएस 1091 से कोयलीबेड़ा बाजार गया था। बाजार में आवश्यक कार्य निपटाने के बाद वह अपने गांव जामड़ी लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम उदनपुर के पास मुख्य मार्ग पर उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे स्थित एक साजा के पेड़ से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक को सिर और पैरों में गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है।

## कमीशन के खेल में अटका नयापारा सड़क

**जगदलपुर।** नयापारा क्षेत्र में महीनों से कछुआ गति से चल रहे और वर्तमान में ठप पड़ चुके सड़क निर्माण कार्य को लेकर कांग्रेस



व्यापारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेंद्र पटवा ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा निर्माण कार्य कमीशनखोरी के खेल की भेंट चढ़ चुका है, जिसका खामियाजा क्षेत्र के लोग भुगत रहे हैं। पार्षद नाली निर्माण की बेतुकी जिद को लेकर अड़े हुए हैं। नयापारा सड़क का निर्माण कार्य रुकने के पीछे कोई तकनीकी अड़चन या ठेकेदार की ढिठाई नहीं है। बल्कि पर्दे के पीछे कमीशन का बड़ा खेल और नाली निर्माण को लेकर मची आपसी खींचतान जिम्मेदार है।



# कलश यात्रा निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बस्तर

जिले के ग्राम करपावंड में बाजार स्थल के निकट सद्गुरु कबीर धनी धर्मदास वंशावली मिशन जिला बस्तर के प्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय कबीर पंथ के अनुयायियों के सहयोग एवं उपस्थिति में सद्गुरु कबीर साहब का प्राकट्य उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिला प्रतिनिधि श्याम दीवान ने बताया कि शुक्रवार को प्रातः लगभग सात बजे सद्गुरु कबीर साहब के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर गुरु महिमा पाठ से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

दोपहर एक बजे से सद्गुरु कबीर साहब का भजन कीर्तन करते हुए आमिन माता मंडल की महिलाओं, युवाओं, संतजनों के साथ धनी धर्मदास वंशावली मिशन जिला बस्तर एवं तहसील करपावंड, बकावंड व भानपुरी तहसील के प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम स्थल से मुख्य मार्गों पर कलश यात्रा निकाली। इस दौरान बीच-बीच में साहेब बंदगी साहेब का उद्घोष किया जाता रहा।

शोभा यात्रा सम्पन्न होने के पश्चात बस्तर संभाग के कबीर पंथ प्रचारक महंत फूलदास साहेब ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सद्गुरु कबीर साहब एवं धनी धर्मदास साहब के जीवन चरित्र के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सद्गुरु कबीर साहब सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग में अवतरित हुए और मानव समाज को सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलने तथा समाज में फैले जाति-पाति, आडम्बर एवं बुराईयों से दूर रहने के साथ आपसी भाईचारे, प्रेम, दया का पाठ पढ़ाया।

आये एक देश से, उतरे एक ही घाट,हवा लगी संसार की, हो गये बारह बाट। महंत फूलदास साहेब के प्रवचन के बाद सात्विक यज्ञ (चौका आरती) किया गया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया और उसके बाद भोजन कराया गया।

# लाल आतंक के साए से बाहर, अब चटाई पर बैठ सुनी जा रही जनता की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोंटा



जिले का कोंटा विकासखंड कभी देश के नक्शे पर घने जंगलों और भारी नक्सली हिंसा के लिए जाना जाता था। लेकिन आज इसी क्षेत्र का ग्राम पंचायत करीगुंडम विकास की एक नई और गौरवशाली इबारत लिख रहा है। जिला मुख्यालय से करीब 160 किलोमीटर दूर स्थित यह वही इलाका है, जो कभी खूंखार नक्सली कमांडर

■ कभी दुर्दांत नक्सली हिड़मा, बारसे देवा और पापाराव की गतिविधियों का केंद्र था

हिड़मा, बारसे देवा और पापाराव का महफूज ठिकाना हुआ करता था। समय बदला, सुरक्षाबलों का दबाव बढ़ा और शासन की नीतियां जमीनी स्तर पर उतरीं, तो आज यहाँ बंदूक की गूंज की जगह विकास की गूंज सुनाई दे रही है। इसी जमीनी हकीकत को परखने और ग्रामीणों का हौसला बढ़ाने छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी दुर्गम और कच्चे रास्तों का सफर तय कर करीगुंडम पहुंचीं। उनका यह दौरा प्रशासनिक व्यवस्था और ग्रामीणों के बीच बढ़ते विश्वास का सबसे बड़ा प्रतीक बनकर उभरा। गांव पहुंचने पर आदिवासी परंपरा के अनुसार ग्रामीणों ने दीपिका शोरी का आत्मीय स्वागत किया। किसी औपचारिक मंच, सोफे या वीआईपी तामझाम को दरकिनार करते हुए महिला आयोग की सदस्य सीधे ग्रामीणों के बीच जमीन पर बिछी चटाई पर बैठ गईं। इस सादगी ने ग्रामीणों का दिल जीत लिया और जो लोग कभी खाकी या प्रशासन को देखकर सहम जाते थे, उन्होंने खुलकर अपनी बात रखी। शोरी ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की बारीकियों को स्थानीय बोली और सरल भाषा में समझाया। करीगुंडम पंचायत के तहत कुल 8 पारा (मजरे) आते हैं, जिनमें 3 वनग्राम भी शामिल हैं। कुल 4500 की आबादी वाले इस क्षेत्र में वर्तमान में 554 आवासीय परिवार निवासरत हैं। समय के साथ शादी-ब्याह के बाद अलग हुए नए परिवारों की जरूरत को देखते हुए सरकार ने यहाँ 719 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए हैं।

### करीगुंडम को शत-प्रतिशत पीएम आवास

दीपिका शोरी ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा करीगुंडम को शत-प्रतिशत पीएम आवास की स्वीकृति मिलना यह साबित करता है कि सरकार बस्तर के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आने वाले कुछ महीनों में इस पूरी पंचायत में एक भी कच्चा मकान नहीं बचेगा। भले ही नक्सलवाद का दौर खत्म हो चुका हो, लेकिन मूलभूत सुविधाएं पूरी तरह बहाल होना अब भी बाकी है। ग्रामीणों ने इस चौपाल में प्रमुखता से अपनी सबसे बड़ी समस्या उठाई बिजली का न होना। ग्रामीणों ने बताया कि पड़ोसी ग्राम पालोड़ी तक बिजली की लाइन पहुंच चुकी है, जहां से करीगुंडम की दूरी महज 5 किलोमीटर है।

# विद्यार्थियों ने नियमित उपस्थिति का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▸▸ घाटलोहंगा

ग्राम पंचायत घाटलोंहगा स्थित शासकीय मिडिल स्कूल में प्रधान अध्यापक दर्शना जैन के मार्गदर्शन में विद्यालय स्तरीय स्कूल प्रवेश उत्सव का आयोजन संपन्न हुआ। नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत कर उनमें शिक्षा के प्रति उत्साह एवं आत्मविश्वास का संचार करना था। कक्षा छठवीं में प्रवेश लेने वाले नए छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं पुष्प अर्पित कर स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं विद्यालयी गणवेश प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के पालकों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, जिनमें से कई पालक उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार द्वारा पालकों का स्वागत कर उन्हें अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, पालकों, अतिथियों एवं शिक्षकों के लिए नाश्ते की व्यवस्था की गई। विद्यालय परिवार ने शिक्षा के महत्व, नियमित उपस्थिति तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

नवप्रवेशी विद्यार्थियों ने विद्यालय में मिले स्नेहपूर्ण स्वागत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नियमित अध्ययन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने उपस्थित अतिथियों, पालकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार ने विश्वास जताया कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने तथा विद्यालय से जुड़ाव मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस दौरान रोमांचल पांडे, अल्पना पात्र, रुपाली नेताम, सम्मी सहजहां,मन्नू राम ठाकुर, तुलसी राम ठाकुर, रसोया, एवं छात्र-छात्राएं और अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे।

## पाठ्यपुस्तक, गणवेश एवं शैक्षणिक सामग्री वितरित



**गीदम।** माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला स्कूलपारा जावंगा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश तथा अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री का वितरण भी किया गया। माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापिका पार्वती कश्यप एवं प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक जीवनलाल ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। ग्राम पंचायत जावांगा सरपंच बोमड़ा कोवासी, गीदम जनपद सदस्य आरती कोवासी, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों ने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए प्रत्येक बच्चे के विद्यालय में प्रवेश एवं नियमित अध्ययन का संकल्प लिया। शाला प्रवेश उत्सव का संचालन जावंगा संकुल समन्वयक नितिन विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में गीदम खंड शिक्षा अधिकारी अंकित गुप्ता, गीदम खंड स्रोत समन्वयक जितेंद्र सिंह चौहान, संकुल प्राचार्य राजेंद्र श्रीवास्तव, रेवेंद्र झाड़ी व्याख्याता उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
हड्डी, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

न्यायालय तहसीलदार (नजूल ) कोण्डागांव
जिला- कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)

// ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण क्रमांक-202511201500008/अ-20(1)/ 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमल पिता गायता जाति-गाण्डा, निवासी आडकाछेपडापारा कोण्डागांव, तहसील-कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव, के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला- आडाकाछेपडापारा स्थित भूमि शीट नम्बर 01 भूखण्ड क्रमांक 251/1 क्षेत्रफल 625 वर्गफूट भूमि वार्षिक भू-भाटक 4.54 रूपेय आवसीय मकान नजूल संधारण खसरा में फूलचंद, कमल पिता गायता जाति गांडा सा देह के नाम दर्ज होना उल्लेखित करते हुए उक्त भूखण्ड क्रमांक 251/1 क्षेत्रफल 625 वर्गफूट भूमि का पट्टा अवधि 03.08.2015 को समाप्त पर नवीनीकरण हेतु नक्शा, खसरा पंजीकृत बैनामा एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो कि जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 30.06.2026 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालयीन समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से आज दिनांक 09/06/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार (नजूल)
कोण्डागांव

## खबर संक्षेप

### हितग्राहियों को राशन प्राप्त करने ई-केवाईसी अनिवार्य

**दंतेवाड़ा।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जिले में शेष सभी हितग्राहियों का ई-केवाईसी कार्य 15 जुलाई तक पूर्ण किया जाना है। निर्धारित समय-सीमा के बाद ई-केवाईसी नहीं कराने वाले हितग्राहियों को राशन प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

# मेहनत, हौसले और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से बदली जिंदगी

## जलवंतीन और मृदुला बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से संचालित प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ने शहर के छोटे व्यवसायियों के जीवन में नई उम्मीद और आत्मनिर्भरता का संचार किया है। कोविड-19 के कठिन दौर में बंद हुए छोटे कारोबार को फिर से खड़ा करने में यह योजना सहारा बनी। शहर की जलवंतीन लहरे और मृदुला जैन ने संघर्षों से निकलकर अपने व्यवसाय को फिर से स्थापित किया है।

रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड निवासी जलवंतीन संजय मार्केट में ठेला लगाकर आलू-प्याज बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करती थीं। पति के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधों पर थी। इसी बीच कोविड लॉकडाउन के दौरान बाजार बंद होने से उनका व्यवसाय पूरी तरह प्रभावित हो गया और आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई। व्यवसाय को दोबारा शुरू करने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 10 हजार रुपये का ऋण प्राप्त किया और फिर से ठेला लगाकर आलू-प्याज विक्रय का कार्य शुरू किया। धीरे-धीरे बिक्री बढ़ी और आमदनी में सुधार होने लगा। उन्होंने समय पर ऋण की किस्तों का भुगतान किया तथा डिजिटल लेन-देन को भी अपनाया।

उन्होंने 10 हजार और 20 हजार रुपये के ऋण का समय पर भुगतान किया। वर्तमान में वह 50 हजार रुपये का ऋण प्राप्त कर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा रही हैं।

आज उनकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर है। स्वयं आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभों के प्रति जागरूक कर रही हैं।





### फल दुकान से जूस सेंटर तक पहुंचीं मृदुला

शांति नगर वार्ड निवासी मृदुला जैन नया बस स्टैंड में ठेले पर फल दुकान लगाकर परिवार का भरण-पोषण करती थीं। लेकिन कोविड लॉकडाउन के दौरान बसों का संचालन बंद होने से उनका व्यवसाय प्रभावित हुआ और परिवार चलाना मुश्किल हो गया। ऐसे समय में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना उनके लिए सहारा बनी। योजना के तहत 10 हजार रुपये का ऋण प्राप्त कर उन्होंने दोबारा फल दुकान शुरू की। ग्राहकों की संख्या बढ़ने लगी और आमदनी में सुधार हुआ। उन्होंने ऋण की राशि समय पर जमा की और बैंकिंग एवं डिजिटल लेन-देन को भी अपनाया। मृदुला जैन ने 10 हजार रुपये के ऋण का पूरा भुगतान करने के बाद वर्तमान में 20 हजार रुपये का ऋण प्राप्त किया है। बढ़ते व्यवसाय से उत्साहित होकर अब वे अपना जूस सेंटर शुरू करने की योजना बना रही हैं। उनकी आर्थिक स्थिति में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ।

## न्योता भोज के साथ हुआ शैक्षणिक सत्र का शंखनाद

# बच्चों के भविष्य निर्माण में माता-पिता की भूमिका अहम, रोज भेजें स्कूल : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विकासखंड बकावंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मूली में नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप और अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने की। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक और पालक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

- हायर सेकेंडरी स्कूल मूली में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद महेश कश्यप ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने नव-प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया और उन्हें नियमित रूप से स्कूल आने की समझाइश दी। सांसद ने पालकों से भी अपील करते हुए कहा कि बच्चों के भविष्य निर्माण में माता-पिता की भूमिका सबसे अहम है, इसलिए वे रोज बच्चों को स्कूल भेजें।

जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा ज्ञान के बिना मनुष्य का जीवन पशु के समान है। शिक्षा ही वह माध्यम है जो हमें सही और गलत का भेद सिखाती है। सभी बच्चे अपने जीवन में ज्ञान का अलख जगाएं और आगे चलकर समाज व देश के उत्थान में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।

### बच्चों को मिली पुस्तकें और कापियां

इस अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें अतिथियों, शिक्षकों और बच्चों ने एक साथ बैठकर भोजन किया। नव-प्रवेशी बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें और कॉपियां वितरित की गईं।

### शिक्षा के क्षेत्र में बकावंड को अव्वल बनाने का संकल्प

विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षक साथियों से पूरी निष्ठा के साथ नियमित समय पर शाला आने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की मेहनत से ही बकावंड विकासखंड का नाम शिक्षा के क्षेत्र में शीर्ष पर पहुंचेगा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुभाऊ कश्यप, जनपद अध्यक्ष सोनवारी भद्रे, जनपद उपाध्यक्ष तरुण पांडे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सोन सिंह बघेल और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मूली के प्राचार्य आनंद अय्यर मंचासीन रहे।

# कलेक्टर की कार्रवाई का धरातल पर दिखने लगा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिले में संचालित शाला प्रवेश उत्सव के दौरान शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। कलेक्टर अमित कुमार के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी ने 25 जून को जिले के विभिन्न प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों तथा बालक आश्रमों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला निरगुण्डी, नीलावरम,

- शाला प्रवेश उत्सव के बीच स्कूलों का औचक निरीक्षण

कोण्डरे, मानकापाल, गुफड़ी, मुतोड़ी, गोंदपल्ली, पेसलपारा, डोकापारा एवं ऐटपाल सहित दर्जनों विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षकों की नियमितता, शैक्षणिक गतिविधियों, मध्यान्ह भोजन व्यवस्था तथा विद्यालयों की समग्र कार्यप्रणाली का गहन परीक्षण किया गया। कुछ विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम मिली, वहीं कुछ शिक्षक संकुल भ्रमण पर पाए गए। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी संस्था



प्रमुखों एवं शिक्षकों को निर्देशित किया कि विद्या समीक्षा ऐप में शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की जाए तथा विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने पाठ्यपुस्तकों एवं गणवेश का समय पर वितरण, मध्यान्ह भोजन एवं 'न्योता भोज' के सुचारू संचालन, पाठ्यक्रम विभाजन, चखना पंजी तथा डेली डायरी को नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए।

जिला शिक्षाधिकारी ने अपने निरीक्षण में विद्यालयों में प्रतिदिन निर्धारित समय पर पाँच प्रार्थनाओं का आयोजन, भोजन मंत्र, संध्या के समय राज्यगीत एवं अन्य निर्धारित मंत्रों का वाचन अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में अनुशासन, स्वच्छता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण बनाए रखना प्रत्येक शिक्षक की जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी मंडावी ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और व्यक्तित्व निर्माण की पहली पाठशाला है। उन्होंने अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं शिक्षकों से अपील की कि वे मिलकर प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने का संकल्प लें। विशेष रूप से शाला त्यागी (ड्रॉपआउट) बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः मुख्यधारा में लाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रैक्शनल लेजर व्दारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी
कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
एडवांस यूरोलॉजी एवं यूरो सर्जरी विभाग
• मूत्राशय, किडनी एवं प्रोस्टेट के कैंसर का इलाज
• पेशाब की धार कमजोर होना
• पेशाब के रास्ते की जन्मजात विकृति का इलाज
• यूरिनरी ब्लेडर में पथरी की समस्या का इलाज
• किडनी स्टोन संबंधी समस्या का इलाज
• किडनी एवं मूत्र संबंधी सभी समस्याओं का निराकरण
• सभी प्रकार की यूरोलॉजी सर्जरी
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

